# 'एमओयू को अमली जामा पहनाने का काम तेज'



सीआइआइ के वार्षिक समारोह में भाग लेते शहरी विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल सागर, चेयरमैन सीआइआइ यूपी स्टेट काउंसिल विनम्र अग्रवाल, चेयरमैन एसआइडीएम यूपी व सीएमडी पीटीसी इंडस्ट्रीज लि. सचिन अग्रवाल • जागरण

जागरण संवाददाता, लखनऊ : यूपी में 34 लाख करोड़ का निवेश और 94 लाख से अधिक को रोजगार का ग्राफ चंद साल में और बढ़ेगा। यह निवेश 40 लाख करोड़ से अधिक का हो सकता है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआइएस) में जो प्रतिनिधि विदेश से नहीं आ सके, उन्हें अफसोस है। वह बदलते यूपी में निवेश करना चाहते हैं, क्योंकि यहां पूंजी सुरक्षित है।

भारत के अन्य राज्यों में निवेश करने वाले कई बड़े ग्रुप यूपी में जीआइएस के बाद अपना इरादा बदल चुके हैं, कई प्रतिनिधियों ने मिलकर इसकी जानकारी दी है। क्योंकि यूपी में 29 हजार से अधिक एमओयू को अमली जामा पहनाने के लिए टीमें काम कर रही हैं। गोमती नगर के कंफेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआइआइ) के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि एक समय प्रदेश बीमारू राज्य में गिना जाता था, अब यूपी विधानसभा में मुख्यमंत्री का दिया गया बयान निवेशकों को सुरक्षित माहौल देने के लिए काफी है।

लखनऊ ही नहीं, प्रदेश के सभी जिलों में भरपूर बिजली दी जा रही है। आने वाले वर्षों में सबसे अधिक घरेलू व अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट यूपी में होंगे। बुंदेलखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। विदेश की तर्ज पर मेरठ से दिल्ली के बीच रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू होने जा रहा है।

भारत का अधिकांश रेलवे मालभाड़ा का कारिडोर यूपी में है। ऐसे में यूपी पिछले छह सालों में अन्य राज्यों की तुलना में काफी आगे पहुंच चुका है। वर्तमान में इकोनामी ग्रोथ आठ फीसद है, इसे बीस फीसद का लक्ष्य सीएम ने रखा है। दीपावली से पहले ग्राउंड मेकिंग सेरेमनी नई इबारत लिखने जा रही है। आप कह सकते हैं कि यूपी बदल गया है। आगामी बीस साल तक व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। इससे पूर्व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश कई फसलों के उत्पादन में नंबर एक है, टेक्स्टाइल, दूध में कोई प्रदेश हमसे आगे नहीं है। एक समय कानपुर यूपी का मैनचेस्टर कहा जाता था। यूपी का हर जिला अपनी खूबियों के लिए जाना जा रहा है। कानून व्यवस्था हो या किसी भी क्षेत्र में उन्नति का मामला, हर क्षेत्र में प्रदेश आगे है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जीआइएस में जो एमओयू ऊर्जा के क्षेत्र में हुए हैं, उन्हें अमली जामा पहनाने का काम शुरू कर दिया गया है। वहीं, प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास अनिल सागर ने यूपी के बढ़ते कदम का पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन दिया। वही यूपी सीआइआइ के प्रदेश अध्यक्ष विनम्र अग्रवाल और सदस्य सचिन अग्रवाल ने बदलते यूपी पर अपने विचार व्यक्त किए। सचिन ने सरोजनीनगर के भटगांव में मिसाइल फैक्ट्री के पास 50 एकड़ जमीन को लेकर कागजी कार्रवाई मात्र एक माह में पूरी होने पर प्रसन्नता जताई।